(80)

# मंडल कार्यालय आदेश - 40/2024

पत्र सं.849-W/10/Safety/2023/M-1/X

दिनांक -28.11.2024

समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्र्यू नियन्त्रक
जोधपुर एंव मेडता रोड
समस्त लोको पायलट ,लोको पायलट शंटर एवम् सहायक लोको पायलट

विषय:- लोको पायलट ,सहायक लोको पायलट द्वारा सिगनल (कॉल आउट) पुकारने के बारे में निर्देश
सन्दर्भ:- पत्र सं. M/D&R/Safety Policy/140/1 Date 25.11.2024

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में सभी मुख्य लोको निरीक्षको को निर्देश दिए जाते है कि अपने नामित व अन्य सभी LP/LPS/ALP को सिगनल (कॉल आउट) पुकारने के बारे में सलंग्न संशोधित विधि के तथा उसमे लिखे निर्देशों के बारे में काउंसलिंग करे तथा फुटप्लेट के दौरान इसकी जाँच करे ।

**विशेष नोट** :- दिनांक 28.08.2024 को जारी मंडल कार्यालय आदेश **28/2024** को निरस्त समझा जाये ।

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी सुरक्षा एवं ट्रेन संचालन के सम्बन्धित काउंसलिंग नियमनुसार चलती रहेगी एवं इनको सुनिश्चित किया जाए ।

समस्त नामित को काउंसलिंग कर पावती लेकर दिनांक 15.12.24 को इसकी रिपोर्ट मंडल कार्यालय में जमा करे ।

सलंग्न -यथोक्त

वरी.मंडल यांत्रिक इंजी. (Enhm&P)
उ.प. रेलवे ,जोधपुर

प्रतिलिपि -मंडल रेल प्रबन्धक,जोधपुर -सादर सूचनार्थ
अपर मंडल रेल प्रबन्धक (OP), जोधपुर सादर सूचनार्थ
स.म.या.इंजी.(शक्ति),जोधपुर , आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ

NORTH WESTERN RAILWAY

Headquarter Office,
Jaipur.
Date: 25.11.2024

No. M/D&R/Safety Policy/140/1

Sr. DME/Power
AII, BKN, JP & JU

विषयः- सहायक लोको पायलेट/लोको पायलेट द्वारा सिगनल कॉल करने के संशोधित निर्देश ।

The signal aspects are being followed as under- (G R 3.08(C)

समस्त मंडलों के crew के लिए एक समान (Uniform) signal call out की विधि जरूरी है ।

| Signal aspect | Green | Double yellow | Yellow | Red |
|---|---|---|---|---|
| Aspect | Proceed | attention | Caution | Stop |
| Indication | Proceed | Proceed and be prepared to pass next signal at such restricted speed as may be prescribed by special instructions. | Proceed and be prepared to stop at the next stop signal. | Stop Dead |

सिगनल बोलने की (signal call out) विधि निम्न्वत होनी चाहिए-

| क्रम स. | सिगनल आस्पेक्ट | सिगनल बोलने की (कालिंग आउट) संशोधित विधि |
|---|---|---|
| (i) | हरा<br><br>फुलेरा एडवांस स्टार्टर हरा (Green) है<br><br>सिगनल का आस्पेक्ट, यदि हरा(Green) है तो इसे ALP/LP द्वारा बोला जाता है (जिसको पहले दिखाई देगा)। LP /ALP के द्वारा दोहराया जाता है। | • इस प्रकार से बोला जाना चाहिए -<br>ALP /LP द्वारा बोला जायेगा ।<br><br>LP /ALP द्वारा दोहराया जायेगा।<br><br>• सिगनल के आस्पेक्ट को तेज आवाज में स्टेशन के नाम के साथ तथा हाथ उठाकर बोलना । |
| (ii) | सिगनल का आस्पेक्ट, यदि दो पीला (double yellow) है तो इसे ALP/LP द्वारा बोला जाता है (जिसको पहले दिखाई देगा)। LP /ALP के द्वारा दोहराया जाता है। | इस प्रकार से बोला जाना चाहिए -<br>• उदाहरण के लिये -<br>• ALP /LP द्वारा बोला जायेगा फुलेरा का इनर डिसटेंट सिगनल दो पीला (double yellow) है इसे LP /ALP द्वारा दोहराया जायेगा।<br>• गति (जो भी स्पीडोमीटर दर्शा रहा हो) KMPH<br>• सिगनल के आस्पेक्ट को तेज आवाज में स्टेशन के नाम के साथ तथा हाथ उठाकर बोलना । |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | सिगनल का आस्पेक्ट, यदि एक पीला (single yellow) है तो इसे LP/ALP द्वारा बोला जाता है\| (जिसको पहले दिखाई देगा) एवं LP/ALP के द्वारा दोहराया जाता है \| | इस प्रकार से बोला जाना चाहिए - उदाहरण के लिये - <br>• ALP/LP द्वारा बोला जायेगा फुलेरा का होम सिगनल एक पीला है, अगला सिगनल लाल मिलेगा \| <br>• इसे LP/ALP द्वारा इसी तरह दोहराया जायेगा \| गति (जो भी स्पीडोमीटर दर्शा रहा हो) KMPH <br>• सिगनल के आस्पेक्ट को तेज आवाज में स्टेशन के नाम के साथ तथा हाथ उठाकर बोलना \| |
| (iv) | इसी प्रकार सिगनल का आस्पेक्ट, यदि लाल है तो इसे ALP के द्वारा बोला जाता है तथा LP के द्वारा दोहराया जाता है । (जिसको पहले दिखाई देगा) | इस प्रकार से बोला जाना चाहिए - उदाहरण के लिये - <br>• ALP/LP द्वारा बोला जायेगा मकराना का होम सिग्नल लाल है, गाड़ी को रोकना है और इसे ALP/LP के द्वारा भी इसी तरह दोहराया जायेगा \| <br>• जब तक सिगनल पर खड़े न हो जाय इसे ALP/LP द्वारा बार बार दोहराया जाता रहेगा \| <br>• सिगनल के आस्पेक्ट को तेज आवाज में स्टेशन के नाम के साथ तथा हाथ उठाकर बोलना \| <br>• ALP द्वारा RS Valve पर लगातार हाथ रखना \| |

"विशेष नोट"

1. सिगनल के आस्पेक्ट को सहायक लोको पायलेट द्वारा call out करने एवं लोको पायलेट के द्वारा दोहराने के साथ साथ गाड़ी की गति को ध्यान रखना भी अति आवश्यक है | सहायक लोको पायलेट यदि देखता है आस्पेक्ट के अनुसार गाड़ी की गति अधिक है तो लोको पायलेट को गाड़ी नियंत्रित करने के लिय कहेगा |
2. यदि ALP को जरा भी ऐसा प्रतीत होता है की LP द्वारा गाड़ी की गति नियंत्रित नही की जा रही है अथवा गाड़ी की गति नियंत्रित नही हो रही है तो समय से इमरजेंसी वाल्व (RS) को खोलना है |
3. यदि इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बाद भी ट्रैन नियंत्रित ना हो रही हो तो ट्रैन मैनेजर को ब्रेकवान से प्रेशर गिराने के लिये कहे, और आवश्यक हो तो ब्रेकवान से प्रेशर गिराने के लिए विसलिंग कोड का प्रयोग करे |
4. LP एवं ALP में से किसी एक को सिगनल यदि गोलाई या अन्य कारण से दिखाई नही देता है तो या तो दूसरी तरफ जाकर सिग्नल देखना चाहिये या गति कम कर (सिगनल की दूरी अनुसार) सतकर्ता बरतनी चाहिए |

5. LP एवं ALP द्वारा गाड़ी का संचालन नियमानुसार गति को नियंत्रित करते हुए किया जाता है। सिंगनल के आस्पेक्ट के अनुसार एवं जीआर 3.07 के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

6. इसके अलावा सुरक्षित संचालन के लिए "एक पीला" को पार करते समय अधिकतम गति मैल/एक्सप्रेस एवं पैसेन्जर ट्रेन के लिए 60 KMPH एवं मालगाडी के लिए 30 KMPH से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

7. वर्तमान में लागू दिशानिर्देशों के अनुसार पैसेन्जर ट्रेन का ब्रेक फील टेस्ट (BFT) करते समय गाड़ी चलने के बाद रूकती हुयी प्रतीत होती है। इस कारण से यात्रियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ब्रेक फील टेस्ट (BFT) को एडवान्स स्टाटर के तुरन्त बाद करना चाहिए । ब्रेक फील टेस्ट (BFT) करते समय अन्य सभी सावधानियां एवं दिशानिर्देश यथावत होंगे। LP, ALP एवं गार्ड के साथ कन्टिन्यूटी टेस्ट को अवश्य करें एवं इसको सुनिश्चित करने के बाद ही संचालन करें। मालगाड़ी के संचालन के समय BFT करने के वर्तमान दिशा निर्देश यथावत रहेंगे।

8. सिगनल आस्पेक्ट पर अधिकतम गति सीमा एवं सिगनल कॉल आउट करने से सम्बन्धित अन्य सभी दिशा निर्देशों जो अब तक जारी किये गये है, को निरस्त माना जाए।

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी सुरक्षा एवं Train संचालन के सम्बन्धित counseling नियम अनुसार चलती रहेगी एवं इनको सुनिश्चित किया जाये।

This issues with the approval of PCEE.

28/XI/24

CELE/NWR

Copy for kind information to-

**Secy./GM-** For kind information of GM
PCOM/NWR
PCSO/NWR
DRM-AII, BKN, JP & JU